# ललितपुर एयरपोर्ट निर्माण को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

लखनऊ। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बुंदेलखंड के ललितपुर में 72 सीटर एटीआर विमानों के लिए एयरपोर्ट विकसित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। प्राधिकरण ने एयरपोर्ट निर्माण की प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट के आधार पर बृहस्पतिवार को यह मंजूरी दी। ललितपुर में एयरपोर्ट बनने से बुंदेलखंड के पर्यटन एवं औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। बुंदेलखंड एवं विंध्याचल क्षेत्र में चित्रकूट झांसी और सोनभद्र में पहले से ही एयरपोर्ट का निर्माण कराया जा रहा है।



नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क की स्थापना का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बुंदेलखंड में डिफेन्स इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ललितपुर में एयरपोर्ट इन दोनों परियोजना की सफलता में उपयोगी होगा। उन्होंने बताया कि ललितपुर उतर प्रदेश और मध्यप्रदेश की सीमा पर होने का कारण इससे दोनों प्रदेशों की जनता को लाभ होगा। ब्यूरो